इंजीनियरिंग कॉलेजों में सुधार को कमेटी गठित

देहरादून। तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने सभी सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में सुधार और नए कोर्स शुरू करने के लिए यूटीयू वीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को देहरादून में स्वर्गीय विपिन त्रिपाठी कुमांऊ इंजीनियरिंग कॉलेज के बोर्ड ऑफ गवर्नस की बैठक में उनियाल ने कहा कि विशेषज्ञ कमेटी रोजगार की संभावना के अनुसार नए पाठ्यकम तय करेगी। उन्होंने सभी कॉलेजों में नए निदेशक की नियुक्ति भी प्राथमिकता पर करने को कहा। बैठक में कॉलेज के शिक्षकों की पदोन्नति पर भी मुहर लगाई गई। इस मौके पर सचिव रविनाथ रमन सहित तकनीकी शिक्षा विभाग के कई अधिकारी भी उपस्थित रहे।